## सार-समाचार

### ग्रामीण सेवा शिविरों में विभिन्न योजनाओं का जनता को मिल रहा है लाभ : सहारण

**चूरू**(निसं)। ग्राम पंचायत बूंटिया और कड़वासर में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांव-गांव और शहर में जन सेवा का संकल्प लेकर आमजन की सेवा कर रहे हैं। इसमें गरीब परिवारों को निशुल्क पट्टे, राजस्व विभाग के खाता विभाजन, विधुत सम्बंधित समस्या, पशुओं की बीमा योजना, नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श सहित अन्य कार्यों का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया गया। इस अवसर पर प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय कस्वां ने भी शिविर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया। शिविर में ग्राम पंचायत बूटियां के सरंपच बंशीधर मेघवाल, चेतराम सहारण, कड़वासर सरपंच सुरेन्द्र प्रजापत, पंचायत समिति सदस्य परमेश्वर लाल शर्मा, लालचंद फौजी, विजेंद्र कस्वां, पूर्व सरपंच रामेश्वर कस्वां, मोहरसिंह सरावग, मोहरसिंह कस्वां, भादर सिंह कस्वां, प्रभुराम धानक, जयचंद नायक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### नौसरिया प्रीमियर लीग का हुआ भव्य शुभारंभ

**रतनगढ**(निसं)कस्बे के निकटवर्ती गांव नौसरिया मेंनौसरिया प्रीमियर लीगक्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस लीग के माध्यम से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को अपनी योग्यता दिखाने का सुनहरा मंच मिला है।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मेंभारतीय जनता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी पवन सिंह राठौड़, कल्याण सिंह शेखावत और सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गाराम राजपुरोहित ने की।उद्घाटनकर्ताराठौड़ने अपने संबोधन में कहा किखेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करते हैं।उन्होंने कहा कि आज के युग में क्रिकेट सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं को एकजुट करने और सकारात्मक दिशा में अठासर करने का माध्यम बन गया है।टूर्नामेंट के पहले मैच मेंसांवरिया सेठ और राफेल फाइटरके बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सांवरिया सेठ की टीम ने 88 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में राफेल फाइटर की टीम 82 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकारसांवरिया सेठ की टीम विजेतारही।इस अवसर परबीरबल सिंह पूनिया, भगवाना राम नाई, मुखराम, खेमराज, किशन खियालिया, भीवाराम भामू, भीवाराम हुड्डा, श्रवण कुमार राजपुरोहित, लालचंद राजपुरोहित, ताराचंद शर्मासहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।कार्यक्रम कामंच संचालन विक्रम सिंह नौसरियाने किया।

### भाजपा सरकार ने किसानों के साथ कुठाराघात किया है - सांसद राहुल कस्वां

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के नोखा सीकर स्टेट हाईवे 20 पर स्थित बैगवानी मार्केट के मैदान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह गुरुवार की देर शाम को आयोजित हुआ। समारोह में चूरू सांसद राहुल कस्वां, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर दीपावली की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए सांसद राहुल कस्वां ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहां कि कितने किसान इस बार दिवाली नही मना पाएं। सरकार ने किसानों को लाईन में खडा कर रखा है। भादरा में डीएपी खाद के लिए लाईनों में खडें किसानों पर पुलिस ने लाठियां बरसाई। इस वर्ष आंधी-बरसात के कारण किसानों की कटी फसलों का भारी नुकसान हुआ। किसान फसल के सर्वे को लेकर इंतजार करते रहें। लेकिन बीमा कंपनियों द्वारा किसी प्रकार का सर्वे नहीं किया गया। जिससें किसानों को फसल खराबे का मुआवजा नहीं मिला, सरकार ने किसानों के बीमा को योजनाबद्ध तरिके से बंद कर रखा है। सांसद कस्वां ने कहां भाजपा सरकार ने किसानों के साथ कुठाराघात किया है। जनता आने वाले पंचायतीराज चुनावों में सरकार को सबक सिखाएगी। वहीं स्नेह मिलन समारोह में पहुंचे नेताओं का एडवोकेट सलीम खान गाजी, डीसी वेष्णव, प्रेम बाजियां, गणेश गुलेरिया, अब्दुल रऊफ, मनसुख प्रजापत, आरिफ खान, सुशील शर्मा, असलम खान आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर देहात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विद्याधर बेनिवाल, पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नंदलाल छापोला, सुजानगढ़ उप सभापति अमित मारोठिया, कांग्रेस नेता भागीरथ गुरु, पार्षद महेन्द्र माली, एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत, आरती डुंखवाल सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

### सीकर जिले में 166875 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा

**सीकर** (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड: परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 37 लाख 62 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा सीकर जिले में 166875 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है । गिव अप अभियान में सीकर जिले में 746 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे। प्रत्येक प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक अब रोजना उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर अपात्र व्यक्तियों की उचित मूल्य दुकानदारो के सहयोग से सूची तैयार करेंगे तथा वसूली एवं नोटिस संबंधी कार्यवाही भी करेंगे। खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे और वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

# स्वदेशी से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत : सहारण

- चूरू विधानसभा सम्मेलन जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ

**चूरू** (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत चूरू विधानसभा सम्मेलन जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, प्रधान दीपचन्द राहड़, उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, जिला उपाध्यक्ष मोहन खारड़िया, जिला मंत्री दीनदयाल सैनी, जिला सहकोषाध्यक्ष रचना कोठारी, मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र राकसिया, सुरेश सारस्वत, विजय कस्वां, दौलतराम प्रजापत, निर्मल सैन, राकेश तालणियां मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है। केन्द्र सरकार द्वारा जो शासन की नितियां बनाई जा रही है।

उनसे देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम से देश के युवाओं में जागृति पैदा हुई, कि वे लोकल फोर वोकल के तहत देश में निर्मित वस्तुओ का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि विश्व में ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सामरिक ताकत को देखा। भारत विश्व की बड़ी आर्थिक और सामरिक ताकत बनकर आत्म निर्भर भारत का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। वही देश मजबूती से चुनौतियों का सामना करता है। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह स्पष्ट विजन है, कि जब तक देश आत्मनिर्भर नहीं हो जाता है, तब तक देश पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकता। इस अवसर पर प्रधान दीपचन्द राहड़ ने कहा कि 2014 से पहले जब हम देखते थे कि देश में एक ठहराव सा आ गया, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद देश की जनता में एक नई जागृति पैदा हुई है, जिससे देश के लोगों में उत्साह बढ़ा है। विश्व पटल पर भारत की आवाज बुलंद हुई है। देश आज आयात की तुलना में निर्यात की ओर बढ़ रहा है। उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने कहा कि भारत विकसित देशों के लिए रोल मॉडल बन रहा है, जिससे अनेक देशो का समर्थन भारत के प्रति बढ़ रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान, पार्षद ममता जोशी, भागीरथ सैनी, असलम डायर, लिखमी चन्द प्रजापत, आनन्द रैगर, शोभा चौधरी, इन्द्रा सैनी, आमीन खान, जयपाल सिंह टकणेत, रजत शर्मा, राकेश शर्मा, सुशील लाटा, संदीप पाटील, गोगराज सैनी, आकाश सैनी, ओम इन्दोरिया, चेतराम सहारण, पितराम मेघवाल, भगवानसिंह भाटी, बुधाराम मेघवाल, बलबीर नैण, सुभाष मोयल, प्रकाश नायक, कमल सैनी, रामचन्द्र शर्मा, बाली सिंह चौहान, सुनील ढाका, भंवर गुर्जर, बाबू इस्मायल, निखिल प्रजापत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया।

### कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**चूरू** (निसं)। स्थानीय श्रीराम मंदिर में पुष्कर नारायण, सत्यनारायण व किशनलाल खण्डेलवाल की ओर से हो रही भागवत कथा शुक्रवार 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित होगी। शुक्रवार को कलश यात्रा से कथा का आगाज हुआ। कलश यात्रा गोपालजी के मंदिर से रवाना हुई, जो गढ़ चौराहा, रामगढ़िया दरवाजा, मोजासिया चौक होते हुए कथा स्थल श्रीराम मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं की भीड़ सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। कथावाचक संत प्रहलाद महाराज ने विभिन्न प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति का कल्याण होता है।

## भागवत ज्ञान कथा के शुभारंभ पर निकाली गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा

**बीदासर** (निसं) । कस्बे के मंडी बाजार स्थित श्रीचंद भगवती प्रसाद शर्मा के नोहरे में समाजसेवी बनवारी लाल टांटिया के सौजन्य से श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान कथा के शुभारंभ पर शुक्रवार को सीकर नोखा रोड़ स्थित दुर्गा माता मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकली विशाल शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर मुख्य मार्गों से गुजरी तो कस्बे का वातावरण आध्यात्मिक बन गया।

विशाल शोभायात्रा में रथ बग्गी, में विभिन्न देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का जगह जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही शोभायात्रा में दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने तलवारों से मुख्य मार्गों पर शौर्य प्रदर्शन किया। विशाल शोभायात्रा को देखने के लिए जगह जगह आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में गोपालपुरा के संत महावीर दास, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश सोनी, दयाशंकर जोशी, महावीर बैद, धनराज सैन, ललित सोनी, रामेश्वर लाल तुनगर, सम्पत मल नारनोली, अमित टांटिया, संजय कुमार मोदी, सुरेंद्र टांटिया, नंदलाल राजपुरोहित, सुभम जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक व महिलाओं ने भाग लिया। दोपहर में कथा का शुभारंभ करते हुए नापासर के कथावाचक पंडित केदार प्रसाद जोशी ने देवी भागवत कथा के महात्यम पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पुजा अर्चना कथा के मुख्य यजमान बनवारी लाल मैना देवी टांटिया, राजेंद्र कुमार, शिव कुमार, महेश कुमार, राघव, कार्तिक, भगवती प्रसाद, विमल कुमार टांटिया, जितेंद्र सारस्वत, जगदीश चांदगोठिया ने की।

## कुंभाराम आर्य किसान फाउंडेशन की चूरू जिला इकाई के जिला अध्यक्ष बने चेतराम सहारण

- सहयोग, सद्भाव और समन्वय से कार्य करेंगे - एडवोकेट सहारण

**चूरू( निसं )**। जिला मुख्यालय पर कुंभाराम आर्य किसान फाउंडेशन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को प्रधान दीपचंद राहड की अध्यक्षता में हुआ। कुम्भाराम आर्य किसान फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव के लिए चूरू जिला संयोजक दलीप सरावग ने बताया कि फाउंडेशन प्रदेशभर में कुम्भाराम आर्य की विचारधारा वर्ग चेतना एवं किसानों के मुद्दों के लिए सक्रिय कार्य कर रहा है। फाउंडेशन के प्रदेश महासचिव गोविन्द चौधरी के निर्देशानुसार चूरू जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया गया है।

बैठक में गहन विचार विमर्श के बाद फाउंडेशन के संरक्षक हनुमान कोठारी को जानकारी दी गई और उनकी सहमति लेकर ओमप्रकाश रणवा ने चेतराम सहारण को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे उप प्रमुख महेन्द्र न्योल, चंदगी दूत, शिशुपाल बुडानिया, राजू सहारण,अमीलाल धतरवाल, राकेश बेनीवाल, जगदीश सहारण, राकेश थालौड़ सहित सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन कर सर्वसम्मति से पारित किया। सरावग ने बताया कि सभी की सहमति से एडवोकेट चेतराम सहारण को कुंभाराम आर्य किसान फाउंडेशन का चूरू जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि चूरू तहसील के जोड़ी पट्टा सात्यूं गांव में साधारण किसान मामचंद सहारण के घर जन्मे चेतराम विद्यार्थी काल से ही शोषण के खिलाफ आवाज़ उठाते रहे हैं और लोहिया कालेज छात्रसंघ उपाध्यक्ष रहे हैं।पेशे से एडवोकेट चेतराम युवा अवस्था में जोड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच बने तो ग़रीब की आवाज बनकर उभरे तथा लगातार सामाजिक कार्यों में अठाणी रहे हैं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चेतराम सहारण ने कुम्भाराम आर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यभार ठाहण करते हुए बताया कि 26 अक्टूबर को किसान मसीहा कुंभाराम आर्य की पुण्यतिथि के मौके पर प्रतिमा स्थल पर प्रात: 11 बजे श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम होगा।जिसमें सर्व समाज किसान पुरोधा को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष सहारण ने मीडिया से बातचीत करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहयोग, सद्भाव और समन्वय बनाकर कुम्भाराम आर्य किसान फाउंडेशन की टीम बनाई जायेगी जो किसान और समाज हित में कार्य करेगी।कार्यक्रम में बलबीर नैण, नवनीत कालेर,विनोद राठी, खेमचंद स्वामी,पवन मेघवाल, बलबीर धीनवाल,लौकेश फगेडिया,जयप्रकाश प्रजापत, गौरव शर्मा,राजू डूडी, राकेश वर्मा, प्रमोद प्रजापत,अश्विनी बुडानिया, महेन्द्र कस्वां, महादेव महिया,योगेश राहड सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा निकाली

**तारानगर**(निसं)। तारानगर के वार्ड 02 में 9 दिवसीय श्री राम कथा व दुर्लभ सत्संग के अवसर पर कस्बे में बाबा रामदेव मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने भी शिरकत की। जांगिड़ ने कहा कि यह पावन यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कारों के प्रसार का माध्यम भी है। प्रभु से प्रार्थना है कि यह आयोजन नगर के समस्त नागरिकों के जीवन में सुख, शांति और मंगल का संचार करे। जांगिड ने इस दौरान आयोजक गौसेवा समिति एवं बाबुलाल जांगिड को इस आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## दाऊदसर में ग्रामीण सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित

- आमजन को मिली राहत, विभिन्न विभागों ने दी सेवाएँ

**रतनगढ़** (निसं)। ग्रामीण सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को दाऊदसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में ग्रामीण सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।शिविर की अध्यक्षता शिविर प्रभारीजगदीश प्रसाद व्यासने की। इस अवसर परकिशनाराम पूनिया (नायब तहसीलदार), दिलीप कुमार अतिरिक्त विकास अधिकारी,पुष्पेंद्र कुमार (अतिरिक्त विकास अधिकारी), सुभाषचंद्र (पशु चिकित्सा अधिकारी), विद्या देवी (प्रशासक), भू अभिलेख निरीक्षक संजय कुमार जोशी, ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार कड़वासरासहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।शिविर प्रभारीव्यासने बताया कि शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ अनेक कार्य निस्तारित किए गए। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा9 विभाजन, 6 नाम शुद्धिकरण, 13 नामांतरणकार्य संपादित किए गए तथा10 व्यक्तियों को आबादी भूमि के पट्टेप्रदान किए गए।पशुपालन विभागद्वारा 72 पशुओं कामंगला पशु बीमाकिया गया।चिकित्सा विभागकी ओर से 148 एमसीडी जांचें की गईं, 68 मरीजों का इलाज किया गया तथा दो टीबी रोगियों को पोषण सामग्री वितरित की गई।महिला एवं बाल विकास विभागकी ओर से 10 केवाईसी तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में 4 पंजीकरण किए गए। इस अवसर परग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार कड़वासराने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## सार-समाचार

### 10वाँ प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह 26 को किया पोस्टर का विमोचन

**बीदासर** (निसं)। प्रजापति युवा चेतना मंडल दडीबा के तत्वाधान में आयोजित दसवां तहसील स्तरीय प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन छापोला भवन में किया गया। युवा चेतना मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश किरोड़ीवाल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 26 अक्टूबर रविवार को छापोला भवन में किया जायेगा। प्रतिभा सम्मान समारोह समाजसेवी सागर सोकल की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। समारोह में शैक्षिणक सत्र 2024-25 में कक्षा 10 और 12 में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी और जिला व राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं और स्नातक-स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले , सरकारी सेवा में चयनित अभ्यर्थी व नीट में चयनित,आईआईटी जी मेंस नेट जेआरफ में चयनित विद्यार्थियों व प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राजस्थान सरकार एवम श्रीयादें माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलादराय टाक होंगे।

### बीमारजनों की सेवार्थ सुलभ होगा सुविधायुक्त आवास

**रतनगढ़**(निसं)। रतनगढ़ में असहाय की सेवार्थ स्थापित पावन प्रकल्प अपना घर आश्रम का शुभारंभ प्रणवाश्रम के महंत संत निवृत्तिनाथ कृष्णा जी महाराज के सान्निध्य में 26 अक्टूबर रविवार सुबह होगा । अपना घर आश्रम ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास ने बताया कि मुख्य ट्रस्टी डॉ विजय प्रकाश गोयल ने दीन दुखियों की सेवा का सपना देखकर जिस परोपकारी भवन की नींव रखी , वह भव्य भवन अब असहाय , पीड़ित , बीमारजनों की सेवार्थ पूर्णत: तैयार है और इसका लोकार्पण अपना घर संस्था , भरतपुर के राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार सिंघल की अध्यक्षता में रविवार को संत निवृत्तिनाथ जी द्वारा किया जाएगा । ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर ने जानकारी दी कि इस अवसर पर भामाशाह एवं ट्रस्टी जोधराज बैद , शुभकरण बैद,देवेंद्र यादव और पवन सेवदा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगें।श नवीन अपना घर आश्रम के राष्ट्रीय समन्वयक शैलेन्द्र त्यागी आमंत्रित वार्ताकार के रूप में उपस्थित रहेंगे ।मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर संस्था , बझेरा, भरतपुर से संबद्ध इस आश्रम में प्रारंभिक तौर पर आवास करने के लिए तीस प्रभुजन उद्घाटन की पूर्व संध्या पर भरतपुर से यहां पहुंच जाएंगे । अपना घर आश्रम ट्रस्ट के पदाधिकारी , सदस्य और रतनगढ़ के सेवाभावी नागरिक आयोजन व्यवस्था को अंतिम रूप प्रदान करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं ।

### राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर जयंत का किया स्वागत

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे के जयंत पुत्र रामचंद्र प्रजापत का राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर उनके निवास स्थान पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने पहुंच कर जयंत का साफा ,सोल, माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया । रिणवां ने कहा छात्र-छात्राओं के घरों के अंदर अच्छे संस्कार मिलने के कारण अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करता है उन्होंने कहा मेरी विधानसभा क्षेत्र के अंदर राजलदेसर कस्बे के अंदर पहली बार राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अंदर जयंत प्रजापत का चयन होने पर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत होगा। इस अवसर पर रिणवा का प्रजापत परिवार की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया । रिणवा के साथ में भाजपा के वरिष्ठ नेता उमाशंकर दाधीच, भगाराम प्रजापत, पूर्व महामंत्री भगवाना राम कुचेरिया, पार्षद पवन प्रजापत, जगदीश प्रजापत फूल वाला, हनुमानमल, कालूराम प्रजापत, मदनलाल सारस्वत, महावीर प्रजापत, श्रवण प्रजापत आदि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ थे ।

### 27 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2025 तक आयोजित होंगे

**सीकर**, (निसं)। जिला रोजगार अधिकारी राकेश चौधरी ने बताया कि वीर फौजी सिक्योरिटी, जयपुर द्वारा सीकर जिले में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती शिविर 27 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 3.30 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति, 28 अक्टूबर को धोद पंचायत समिति, 29 अक्टूबर को दांतारामगढ़ पंचायत समिति, 30 अक्टूबर को खंडेला पंचायत समिति, 31 अक्टूबर को नीमकाथाना पंचायत समिति, 3 नवम्बर को नेछवा एवं पिपराली पंचायत समितियाँ, 4 नवम्बर को पाटन एवं श्रीमाधोपुर पंचायत समितियाँ तथा 6 नवम्बर को फतेहपुर पंचायत समिति में भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता 8वीं पास तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12वीं (इंटरमीडिएट) पास होना आवश्यक है। सुरक्षा जवान के लिए न्यूनतम लंबाई 168 सेमी तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 170 सेमी निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा वजन 50 से 90 किलोग्राम के बीच होना चाहिए। अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णत: स्वस्थ हों यह आवश्यक है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को भविष्य निधि (पी.एफ.), कर्मचारी राज्य बीमा (ई.एस.आई.), ठोच्युटी, पेंशन, मेडिकल इंश्योरेंस, बोनस सहित अन्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

### ग्रामीण सेवा शिविर 2025

**सीकर** (निसं)।। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जिले के उपखण्ड क्षेत्रों की विभिन्न 10 ग्राम पंचायतों में 25 अक्टूबर को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे, जिसमें 16 विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। जिला कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया हैं।

### गोपालदास स्वामी बने स्वामी समाज के अध्यक्ष

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के गांधी चौक स्थित ठाकुर जी मंदिर परिसर में स्वामी समाज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन समाज के निवर्तमान अध्यक्ष हरीदास स्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान समाज की नव कार्यकारिणी का भी चयन किया गया। जिसमे गोपाल दास स्वामी को अध्यक्ष, पदमदास स्वामी को उपाध्यक्ष, जगदीश प्रसाद स्वामी को मंत्री व हड़मान दास स्वामी को कोषाध्यक्ष के पद पर सर्वसहमति से चयन किया गया। इस मौके पर समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहें। सभी ने एक राय होकर समाज के विकास को लेकर संकल्प लिया। इस दौरान दीपावली पर्व पर प्रति वर्ष 21 सौ रुपये सालाना सहयोग प्रति घर से देना तय किया गया।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बालिका शिक्षा को मिली नई राह : देवनारायण

- छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना से बेटियां संवार रही अपना भविष्य- -प्रदेश की प्रत्येक बेटी को उच्च शिक्षा के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

**सीकर** (निसं)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी उच्च शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें, जिससे राज्य महिला शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छू सकें। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा संचालित देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना प्रदेश की किशोरियों में उत्साह और जोश भरने का कार्य कर रही है।

प्रदेश में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2011-12 में आरम्भ की गई थी। इस योजना के तहत राजस्थान मूल की विशेष पिछडा वर्ग की वह छात्रा जिसने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किये तथा राजस्थान स्थित राजकीय महाविद्यालय, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित अध्ययनरत है, उसे 12 वीं परीक्षा में प्राप्तांक प्रतिशत की वरीयता सूची के आधार पर स्कूटी प्रदान की जाती है।

वर्ष 2025 से बालिकाओं को हर वर्ष 4 हजार 240 स्कूटियों का किया जाएगा वितरण: मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना के तहत प्रतिवर्ष निर्धारित लक्ष्य के अलावा अन्य समान कट ऑफ प्राप्तांक वाली छात्राओं को भी स्कूटी नि:शुल्क वितरित की जाती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए छात्रा के माता पिता/ अभिभावक/ संरक्षक/पति की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होनी चाहिए। वर्ष 2019-20 से प्रतिवर्ष 1500 स्कूटी वितरण का लक्ष्य निर्धारित था, जिसे राज्य सरकार द्वारा बढ़ाया गया है और अब वर्ष 2025-26 से 4 हजार 240 स्कूटियों का वितरण किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत विशेष पिछडा वर्ग की वे छात्राएं जो स्कूटी स्वीकृति की वरीयता सूची में नहीं आ पाती हैं, उनके लिए स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में 50 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने पर 10,000 रूपये वार्षिक प्रोत्साहन राशि दी जाती है। साथ ही, उन्हें स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में 20,000 रूपये वार्षिक तथा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में 50 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष में 20,000 रूपये वार्षिक प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। इसके लिए विशेष पिछडा वर्ग की वे छात्राएं जिनके माता-पिता अथवा अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा जो राजकीय महाविद्यालय, राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत है, पात्र हैं।

राज्य सरकार द्वारा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण के तहत अब तक 74 करोड़ 35 लाख रुपये व्यय कर 16 हजार 21 छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है। साथ ही, प्रोत्साहन राशि में 9 करोड़ 76 लाख रुपए व्यय कर 19 हजार 100 छात्राएं लाभान्वित की जा चुकी हैं। योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 56.10 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान स्वीकृत है, जिसके विरूद्ध माह सितंबर 2025 तक 32.92 करोड़ राशि का व्यय किया जा चुका है।

## राजस्थान में हरित क्रांति के जनक थे, भैरौसिंह शेखावत : राठौड़

- शेखावत ने अंत्योदय, काम के बदले अनाज जैसी जनहितकारी योजनाएं चलाई

**सीकर**(निसं)। भारत गणराज्य के 11 वें उपराष्ट्रपति, लोक लाडले, वीर धरा के गौरव, शेखावाटी के सपूत,भैरौं सिंह शेखावत का 102 वां जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में सीकर विकास मंच के अध्यक्ष पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ ने कहा कि स्वर्गीय शेखावत गरीब को गणेश मानकर शासन चलाते थे।आज जो राजस्थान में विद्युत तंत्र है वह हरित क्रांति स्वर्गीय शेखावत साहब की देन है।

शेखावत ने अंत्योदय, काम के बदले अनाज जैसी जनहितकारी योजनाएं चलाई। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा ने कहा कि राजनीति में सुचिता का पर्याय श्री शेखावत थे,उनके किए गए कार्यों का सभी को अनुसरण करना चाहिए। सीकर व्यापार संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह शेखावत ने बताया कि श्री शेखावत सादा जीवन, एवं सभी से अपनत्व से मिलते थे।राजनीति में सरलता उनके स्वभाव में रचि बसा था।समारोह में पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने कहा कि राजनेताओं को श्री शेखावत से प्रेरणा, सीख,लेनी चाहिए एवं ईमानदारी से राजनीति करनी चाहिए।

महेश शर्मा ने बताया कि शेखावत के बताए रास्ते पर चलकर राजनितिज्ञों को अपना जीवन समर्पित करना चाहिए। श्री गोपाल कृष्ण सिंह शेखावत व राजाराम योगाचार्य ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।विनोद दाधीच ने कविता के माध्यम से श्री शेखावत के जीवन चरित्र को बताया। पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मीणा ने स्वर्गीय शेखावत के साथ अपने सेवा काल के संस्मरण सभी को अवगत कराया ।

समारोह में महावीर पुरोहित, राजवीर सिंह शेखावत प्रभु सिंह सेवद, जितेंन्द कारंगा,बी एल रणवा, पवन मोदी, ओमप्रकाश कामदार, भंवरलाल जांगिड़, राधेश्याम पारीक, ज्योति तनवानी,वंदना राठौर उमा सैनी, सोनू सोनी, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, जगदीश चौकड़ीका, रतन लाल सैनी, कविता चोधरी, बाबू सिंह बाजोर, कमल सिखवाल, राजकुमार जोशी,दानवीर मांडोता, सुरेश सैनी, मगन सिंह मंढा, दीप सिंह राठौड़, विक्रम सिंह राठौड़ रायधणा, मदन जांगिड़, पवन शर्मा प्रिंसिपल, ओमपाल सिंह शेखावत, मदन कुमार मावलिया, विक्रम सिंह वाहिदपुरा, महेंद्र विक्रम सिंह अर्जुनपुरा, गोविंद सैनी, जय सिंह कीनिया, संदीप फौजी, यशस्वी राठौड़, विक्रम सिंह गुढा, मदन सोनी, बाबूलाल शर्मा, नरेंद्र कौशिक, विनोद नायक प्रियदर्शन कौशिक, सहित शहर के व्यापारी, अधिकारी, समाजसेवी, उपस्थित रहे। समारोह के संयोजक सुरेश अठावाल ने आभार व्यक्त किया।संचालन राजेंद्र शर्मा मधुकर ने किया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 14.11.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमन्त्रित करते है: **निविदा संख्या:** 193, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, रतनगढ़ के नियंत्रण में मंडल इंजीनियर / दक्षिण के क्षेत्राधिकार में कॉल्ड वेदर पैट्रोलिंग हेतु पैट्रोलमेन के सहायक की ऑउटसोर्सिंग करने का कार्य, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 5368293.33, **धरोहर राशि:** Rs.107400.00, **निविदा संख्या:** 194, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ ।। के अधीन सरूपसर-श्रीगंगानगर (केनाल लूप लाईन) खण्ड पर 42.200 टीकेएम (किमी. 44.800 से 71.000 एवं 78.000 से 94.000 तक) टीबीआर के संबंध में एन्सीलरी कार्य, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 25681226.17, **धरोहर राशि:** Rs.278400.00, **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 1363-PS/25